आयुक्त का कार्यालय
OFFICE OF THE COMMISSIONER
केंद्रीय वस्तु एवं सेवा कर तथा केंद्रीय उत्पाद शुल्क, अहमदाबाद उत्तर
CENTRAL GOODS & SERVICES TAX & CENTRAL EXCISE, AHMEDABAD NORTH
पहली मंजिल, कस्टम हाउस, नवरंगपुरा, अहमदाबाद – 380009
FIRST FLOOR, CUSTOM HOUSE, NAVRANGPURA, AHMEDABAD - 380009
फ़ोन/Phone : 079 - 27544599 ई-मेल/E-Mail : commr-cexamd2@nic.in फैक्स/Fax : 079-27544463

# परिपत्र

**"हिंदी दिवस"** (14 सितंबर, 2023) के उपलक्ष में केंद्रीय वस्तु एवं सेवा कर तथा केंद्रीय उत्पाद शुल्क, अहमदाबाद उत्तर आयुक्तालय में **वर्ष 2023** के दौरान **दिनांक 14.09.2023 से 28.09.2023 तक हिंदी पखवाडा** मनाया जाएगा । सचिव, राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय, नई दिल्ली के अर्द्ध-शासकीय पत्र सं. 11034/06/2023-रा.भा. (नीति), दिनांक 01 जून, 2023 के अनुसार, हिन्दी पखवाड़े का शुभारंभ हिन्दी दिवस के अवसर पर 14 सितंबर को पुणे, महाराष्ट्र में आयोजित राजभाषा सम्मेलन में माननीय गृह एवं सहकारिता मंत्री, भारत सरकार द्वारा किया जाएगा ।

2. इस दौरान आयुक्तालय के अधिकारियों एवं कार्मिकों में हिन्दी के प्रति और अधिक रुचि जगाने तथा उन्हें अपना अधिक से अधिक कामकाज मूल रूप से हिन्दी में करने के प्रति प्रेरित करने के प्रयोजन से माननीय आयुक्त महोदय ने निम्नानुसार विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित करने की अनुमति प्रदान की है, जिन्हें **"कस्टम हाउस"** के प्रथम तल पर स्थित **"सेमिनार हॉल"** में आयोजित किया जायेगा :-

| क्र.सं. | प्रतियोगिता / कार्यक्रम | आयोजन की तिथि / वार / समय |
|---|---|---|
| 01 | निबंध लेखन प्रतियोगिता | 18.09.2023 (सोमवार) - अपराह्न 12:00 बजे |
| 02 | हिन्दी वर्ग पहेली (Crossword) प्रतियोगिता | 19.09.2023 (मंगलवार) - अपराह्न 12:00 बजे |
| 03 | कम्प्यूटर पर हिन्दी टंकण प्रतियोगिता | 20.09.2023 (बुधवार) - अपराह्न 12:00 बजे |
| 04 | हिंदी प्रश्नमंच प्रतियोगिता | 25.09.2023 (सोमवार) - अपराह्न 12:00 बजे |
| 05 | समापन तथा पुरस्कार वितरण समारोह | 29.09.2023 (शुक्रवार) - अपराह्न 12:30 बजे |

:: विभिन्न प्रतियोगिताओं से संबंधित जानकारी ::

**(क)** **निबंध लेखन प्रतियोगिता:** इस प्रतियोगिता में प्रतियोगियों को एक घंटे की अवधि में किसी एक विषय पर हिन्दी में कम से कम 300 शब्द लिखने होंगे।

- **(i) अंतरिक्ष विज्ञान और भारत।**
- **(ii) देश को एकता के सूत्र में पिरोती है हिन्दी ।**
- **(iii) महिला सशक्तिकरण।**
- **(iv) साहित्य समाज का दर्पण है।**
- **(v) कार्यालय में हिन्दी का प्रयोग - चुनौतियाँ एवं समाधान ।**

**(ख)** **हिन्दी वर्ग पहेली (Crossword) प्रतियोगिता** : इसमें हिंदी की एक वर्ग पहेली दी जाएगी, जिसे निर्धारित समय के अंदर भरनी होगी । इसकी अवधि 30 मिनिट की होगी ।

**(ग)** **कम्प्यूटर पर हिन्दी टंकण (typing) प्रतियोगिता:** इसमें हिन्दी का एक परिच्छेद कम्प्यूटर पर यूनिकोड में टाईप करने हेतु दिया जाएगा । जिसकी समय सीमा दस मिनट होगी ।

**(घ)** **हिंदी प्रश्नमंच प्रतियोगिता:** इस प्रतियोगिता में राजभाषा, हिंदी साहित्य तथा सर्वसामान्य विषयों पर प्रश्न पूछे जाएगें ।

लगातार...

3. प्रतियोगिता 'क', 'ख' तथा 'ग' में प्रथम तीन स्थान प्राप्त करने वाले सफ़ल प्रतिभागियों को **क्रमश: रू. 1200/-, रू. 1000/-, रू. 800/- (प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय पुरस्कार क्रमशः)** तथा प्रतियोगिता 'घ' में प्रथम तीन स्थान पर रहने वाली टीमों को **क्रमश: रू. 2400/-, रू. 1800/-, रू. 1200/- (प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय पुरस्कार क्रमशः)** की दर से नकद पुरस्कार तथा प्रशस्ति-पत्र प्रदान किये जायेंगे |

4. सभी अधिकारियों से अनुरोध है कि हिन्दी पखवाड़े के दौरान कार्यालय में हिन्दी का अधिक से अधिक प्रचार-प्रसार करें तथा अपने कामकाज में हिन्दी का प्रयोग कर इसके प्रयोग को बढ़ाए ।

5. सभी मण्डल/अनुभाग प्रभारियों से अनुरोध है कि अपने अधीनस्थ कार्यरत अधिक से अधिक अधिकारियों/कार्मिकों को इन प्रतियोगिताओं/कार्यक्रमों में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित/नामित करें तथा हिन्दी पखवाडा के आयोजन को सफल बनाए । **इस हेतु अपने नामांकन दिनांक 08.09.2023 तक राजभाषा अनुभाग, मुख्यालय को अवश्य भिजवाएं ।**

6. कार्यक्रम से संबंधित अधिक जानकारी के लिए मुख्यालय के राजभाषा अनुभाग से संपर्क किया जा सकता है।

इसे आयुक्त महोदय के अनुमोदन से जारी किया जाता है ।

ओम
24/08/2023

(ओम प्रकाश बिश्नोई)
उप आयुक्त (राजभाषा)

प्रतिलिपि प्रेषितः-

1. आयुक्त, केंद्रीय वस्तु एवं सेवाकर, अहमदाबाद उत्तर, अहमदाबाद |
2. सभी अपर/संयुक्त आयुक्त, केंद्रीय वस्तु एवं सेवाकर, अहमदाबाद उत्तर, अहमदाबाद |
3. सभी उप/सहायक आयुक्त, केंद्रीय वस्तु एवं सेवाकर, अहमदाबाद उत्तर, अहमदाबाद |
4. सभी उप/सहायक आयुक्त, मण्डल-I, II, III, IV, V, VI एवं VII को इस अनुरोध के साथ कि कार्यक्रम की जानकारी सभी अधीनस्थ अधिकारियों/कर्मचारियों को दें तथा इच्छुक अधिकारियों/कर्मचारियों को नियत समय पर प्रतियोगिताओं में भाग लेने हेतु कार्यमुक्त करें ।
5. सभी अनुभाग प्रभारी (मु), अहमदाबाद उत्तर, अहमदाबाद को इस अनुरोध के साथ कि कार्यक्रम की जानकारी सभी अधीनस्थ अधिकारियों/कर्मचारियों को दें तथा इच्छुक अधिकारियों/कर्मचारियों को नियत समय पर प्रतियोगिताओं में भाग लेने हेतु कार्यमुक्त करें ।
6. जन-संपर्क/सामान्य सेवा अधिकारी, वस्तु एवं सेवाकर, अहमदाबाद उत्तर, अहमदाबाद को इस अनुरोध के साथ कि वे उपरोक्त तिथियों को सम्मलेन कक्ष उपलब्ध रखें तथा अन्य विविध प्रशासनिक व्यवस्थाओं का प्रबंध करें |
7. सूचनापट्ट ।

<u>प्रतिलिपि सूचनार्थ सादर प्रेषित :-</u>

(1) सचिव, राजभाषा विभाग, गृह-मंत्रालय, एनडीसीसी-II भवन, 'बी' विंग, तीसरी मंजिल, जय सिंह रोड, नई दिल्ली - 110001 को उनके अर्द्ध-शासकीय पत्र सं. 11034/06/2023-रा.भा. (नीति), दिनांक 01 जून, 2023 के क्रम में |

(2) प्रधान मुख्य आयुक्त, केंद्रीय वस्तु एवं सेवाकर, अहमदाबाद जोन, अंबावाड़ी, अहमदाबाद |

(3) अपर महानिदेशक, निष्पादन प्रबंधन महानिदेशालय, नई दिल्ली - 110 002.

(4) उप निदेशक (कार्यान्वयन), भारत सरकार, गृह मंत्रालय, राजभाषा विभाग, क्षेत्रीय कार्यान्वयन कार्यालय (पश्चिम), केन्द्रीय सदन, छठी मंजिल, सेक्टर-10, सीबीडी, बेलापुर, नवी मुंबई-400614.

(5) अध्यक्ष, नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, राजभाषा अनुभाग, पहली मंजिल, नवदीप भवन, आश्रम रोड, अहमदाबाद-380 014